संस्कृति संचालनालय

1-शिवाजी नगर (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016
दूरभाष : 0755 2770598 / Website : www.culturemp.in
Email : director-culture@mp.gov.in

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय (राज्य विश्वविद्यालय) के कुलपति की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण

वि.क्र. 2112 दिनांक 18 जून 2026

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, साँची जिला रायसेन (म.प्र.) जो कि साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2012 (क्र.01 सन् 2013) के अंतर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति उक्त अधिनियम की धारा 13 (1) के तहत साधारण परिषद् द्वारा अनुशंसित पैनल में से कुलाध्यक्ष महोदय के द्वारा की जाना प्रस्तावित है। प्रावधानों के अंतर्गत गठित समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के एक पैनल में से नियुक्ति की जाएगी। विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार 'कुलपति, चार वर्षों की अवधि के लिये पद धारण करेगा तथा दो से अधिक पदावधि के लिये नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परंतु वह सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर, पद धारण नहीं करेगा'।

आवेदक में उच्चतम कोटि की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होना चाहिए। अभ्यर्थी को प्रतिष्ठित शैक्षणिक, प्रशासनिक संगठन में शैक्षणिक नेतृत्व के साथ एक विशिष्ट शिक्षाविद एवं प्रशासक होना चाहिए।

कुलपति पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन तथा विस्तृत जीवन-वृत्त निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा। आवेदक द्वारा स्व-सत्यापित प्रमाण-पत्र कि आवेदक के विरूद्ध कोई विभागीय जांच, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध ब्यूरो, अन्य संस्थानों में प्रचलित/लंबित नहीं है एवं किसी भी स्तर पर आपराधिक प्रकरण भी संस्थित/प्रचलित नहीं है के सहित संचालक, संस्कृति संचालनालय, 1-शिवाजी नगर (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016 पर दिनांक 13/07/2026 तक भौतिक रूप में या ईमेल director-culture@mp.gov.in पर प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

आवेदन का प्रारुप एवं शर्तें विभागीय वेबसाइट – www.culturemp.in पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना उल्लेखित वेबसाइट पर ही अपलोड की जायेगी।

संचालक
संस्कृति संचालनालय, म.प्र.

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के लिए सूचना

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सलामतपुर, जिला रायसेन (म.प्र.), मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 01 सन् 2013 साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2012 अंतर्गत भारत में तथा विदेशों में अन्य भारतीय पद्धतियों के साथ-साथ बौद्ध धर्म के समस्त पहलुओं का अध्ययन एवं शोध को प्रोन्नत करने और भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति के समन्वयकारी स्वरूप को प्रोन्नत करने के उद्देश्य से स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति उक्त अधिनियम की धारा 13 (1) अनुसार कुलाध्यक्ष (मान. राज्यपाल, म.प्र शासन) द्वारा ऐसी परिलब्धियों और अन्य सेवा शर्तों पर, जैसे कि परिनियमों द्वारा विहित की जाए, साधारण परिषद् द्वारा अनुशंसा किए गए कम से कम तीन व्यक्तियों के पैनल में से की जाएगी।

2. कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की दिनांक से 04 वर्ष की अवधि या 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा।

3. चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान प्रशासी तथा विद्या विषयक अधिकारी होता है, इसलिये **आवेदक में उच्चतम कोटि की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होना चाहिए। अभ्यर्थी को प्रतिष्ठित शैक्षणिक, प्रशासनिक संगठन में शैक्षणिक नेतृत्व के साथ एक विशिष्ट शिक्षाविद एवं प्रशासक होना चाहिए।**

4. कुलपति को विश्वविद्यालय के परिनियम 01 के प्रावधान अनुसार ही वेतन एवं भत्ते देय होंगे।

5 आवेदक को अपने बेदाग कैरियर व असंदिग्ध निष्ठा के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ स्वयं सत्यापित प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरुद्ध लोकायुक्त संगठन, आर्थिक अपराध ब्यूरो या अन्य किसी संस्थान में किसी भी स्तर पर कोई जांच अथवा आपराधिक प्रकरण संस्थित/प्रचलित/लंबित नहीं है।

6. वर्तमान में सेवारत होने की स्थिति में आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपने नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख का इस आशय का प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा कि उसके विरुद्ध कोई विभागीय जांच प्रचलित नहीं है।

7. यदि पूर्व वर्षों में उपरोक्तानुसार कोई जांच की गई है तो ऐसे जांच प्रकरणों का विवरण एवं निष्कर्ष का भी स्पष्ट उल्लेख आवेदक को स्व-सत्यापित प्रमाण-पत्र में करना होगा।

8. कुलपति पद हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन सील बंद लिफाफे में समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित पता – संचालक, संस्कृति संचालनालय, 01, शिवाजी नगर, प्रथम तल, गैस राहत एवं पुनर्वास भवन, (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462012 (म.प्र.) पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। लिफाफे के ऊपरी भाग पर स्पष्ट लिखा जावे कि 'साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सलामतपुर, जिला रायसेन (म.प्र.) के कुलपति पद के लिये आवेदन' ।

9. आवेदन के साथ आवेदक का विस्तृत जीवनवृत्त (Curriculum Vitae) शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताओं से संबंधित प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, शोध कार्यों का विवरण, प्रकाशित शोध पत्रों/पुस्तकों की जानकारी, प्रशासनिक अनुभव से संबंधित अभिलेख तथा अन्य आवश्यक एवं प्रासंगिक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदक यह सुनिश्चित करें कि संलग्न समस्त दस्तावेज स्वप्रमाणित (Self-Attested) हों अपूर्ण अथवा दस्तावेजों के अभाव में प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

10 पूर्व/वर्तमान कुलपति या शिक्षा संस्थानों के निदेशकों द्वारा भी योग्य उम्मीदवारों हेतु नामांकन प्रेषित किये जा सकते हैं। सर्च कर्मटी द्वारा ऐसे प्रकरणों पर भी विचार किया जा सकेगा।